एक नजर

मुआवजे के 42 लाख रुपये के लिए बहन की हत्या, भाई और भाभी गिरफ्तार

रामनगर, बाराबंकी। महादेवा कॉरिडोर में मकान के मुआवजे में मिले 42 लाख रुपये में बहन को हिस्सा न देना पड़े, इसके लिए भाई ने पत्नी के साथ मिलकर अपनी सगी बहन की ईंट से वार कर हत्या कर दी। मंगलवार को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी भाई संदीप और उसकी पत्नी शीतल उर्फ मायावती को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक, 30 अक्टूबर को रसोई में खाना बनाते समय दंपती ने मंजू (42) के सिर और चेहरे पर ईंट से कई वार किए थे, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट भी बरामद कर ली गई है। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्वाट, सर्विलांस और रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने दोनों को गजपतिपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। संदीप पर पांच और शीतल पर दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

खाद की 350 बोरियों के लिए हंगामा, निजी एजेंट पर वसूली का आरोप

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। छंदवल पंचायत स्थित निम्बहा सहकारी समिति पर मंगलवार को 350 बोरी खाद के लिए सैकड़ों किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। खाद कम और टोकन अधिक होने से किसानों में नाराजगी फैल गई। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई और समिति के कथित निजी एजेंट राहुल से किसानों की तीखी नोकझोंक हो गई। किसानों ने समिति सचिव दशरथ लाल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल के माध्यम से कथित वसूली कर बिना टोकन खाद दी जा रही है, जबकि टोकनधारी किसान घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। हंगामे की सूचना पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और अहमदपुर पुलिस चौकी की टीम पहुंची। किसानों ने प्रशासन को तहरीर भी दी। नायब तहसीलदार ने सचिव को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी और निजी एजेंट राहुल को समिति से हटाने का निर्देश दिया। अब सवाल है कि कार्रवाई केवल एजेंट तक सीमित रहेगी या सचिव की भूमिका की भी जांच होगी।

दीपावली पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया बाजारों का भ्रमण

सिद्धौर, बाराबंकी। दीपावली पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को असंद्रा पुलिस ने सिद्धौर कस्बे में गश्त की। थानाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी गौरव सिंह और पुलिस टीम ने शराब ठेकों, सर्राफा प्रतिष्ठानों, दुकानों तथा प्रमुख बाजारों का निरीक्षण किया।इस दौरान व्यापारियों और आमजन से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की।

बीईओ की पहल से 80 गरीब बच्चों को मिली जेईई की मुफ्त किताबें

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय की पहल से जेईई-मेन और एडवांस की तैयारी कर रहे करीब 80 जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। असंद्रा स्थित सक्सेस पॉइंट लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित की किताबों के साथ माइक्रो प्रैक्टिस सेट तथा पिछले दस वर्षों के हल प्रश्नपत्रों का किट वितरित किया गया।बीईओ ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने लाइब्रेरी संचालक से पुस्तकों को भविष्य के विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध रखने की अपील की। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

23 नवंबर से होगा कार्तिक मेले का शुभारंभ



हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव अन्तर्गत आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 23 नवंबर से शुरू होने वाला यह मेला करीब एक माह तक चलेगा। मेले की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर मेला प्रभारी फूलचंद्र यादव (मजिस्ट्रेट) की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक नगर पंचायत के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के बाद मेला प्रभारी ने अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले दुकान दारों,खेल-तमाशा संचालकों को समय से निर्धारित स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने मेले में साफ-सफाई, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मेले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की गुणवत्ता बेहतर रखी जाए तथा श्रद्धालुओं और दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। मेले में सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया, जिससे आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाया जा सके।

दीपावली पर पुलिस सतर्क, व्यापारियों को सुरक्षा के निर्देश



हरगांव (सीतापुर)। दीपावली त्योहार के मद्देनजर सोमवार को हरगांव थाना परिसर में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। थाना प्रभारी ने व्यापारियों से अपील की कि सीतापुर-लखीमपुर मार्ग तथा लहरपुर -पिपरझला मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। दुकानें सड़क से कम से कम तीन फीट पीछे लगाएं, ताकि ग्राहक अपने वाहन सफेद पट्टी के अंदर खड़े कर सकें और यातायात बाधित न हो।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी को संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोने-चांदी के व्यापारी भयमुक्त होकर अपना कारोबार करें। बैंक में नकदी जमा करने जाते समय सुरक्षा के लिए पुलिस की सहायता भी ले सकते हैं। किसी भी समस्या की सूचना उनके सीयूजी नंबर पर दी जा सकती है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा खराब कैमरों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

कैमरे चालू हालत में हों और उनसे सड़क पर आने-जाने वाले लोगों की पहचान स्पष्ट हो सके। चेकिंग के दौरान कैमरे बंद पाए जाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई।

बैठक में क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी ऋषभ यादव तथा कस्बा बीट के पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं महामंत्री चंद्रमोहन तिवारी, कोषाध्यक्ष पंकज खन्ना, सुनील गुप्त, अजीत गुप्त, ऋषि रस्तोगी, वसी खां, विकास वैश्य, अनिल सिंह, देवेंद्र चावला, नितेश सेठ, रवि रस्तोगी, अंकुर गुप्त, श्रवण कटियार, गोलू सिंह, गिन्नी सिंह, सोनू सिंह सहित आसपास के बाजारों के बड़ी संख्या में स्वर्ण व्यापारी उपस्थित रहे।

रामायण थीम पर सज रही प्रभु श्रीराम की नगरी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में दसवें दीपोत्सव को अद्वितीय बनाने के लिए रामनगरी को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से सजाया जा रहा है, जिसमें 3ष्ठ थीमेटिक एंट्री गेट और सेल्फी प्वाइंट प्रमुख आकर्षण बनकर उभर रहे हैं। इन व्यवस्थाओं से न केवल श्रद्धालु रामायण के पावन प्रसंगों से जुड़ेंगे, बल्कि दीपोत्सव की यादों को सदा के लिए संजोकर भी रखेंगे।योगी सरकार के दूरदर्शी प्रयासों से अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोक्ष एडवर्टाइजिंग एंड इवेंट्स मैनेजमेंट कंपनी के प्रतिनिधि के अनुसार, दीपोत्सव पर 13 थीमेटिक एंट्री गेट बनाए जा रहे हैं। इनमें तीन हाईवे से प्रवेश द्वारों पर तथा दस राम की पैड़ी पर स्थापित किए जा रहे हैं। इन गेटों पर रामायण की चौपाइयां अंकित की गई हैं, जो श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम की लीलाओं का स्मरण कराएंगी। वहीं, 20 सेल्फी प्वाइंट तैयार किए जा रहे हैं। इनमें दस रामकथा मार्ग पर तथा शेष दस लता चौक से राम की पैड़ी तक लगाए जा रहे हैं।

ये कलाकृतियां भक्ति और प्रेरणा का बनेंगी स्रोत

इन सेल्फी प्वाइंटों की थीम रामायण के विशिष्ट प्रसंगों पर आधारित है। इनमें महर्षि वाल्मीकि आश्रम, श्रीराम द्वारा धनुष भंग, श्रीराम-सीता विवाह, शबरी की भक्ति और श्रीराम की कृपा, श्रीराम-भरत मिलाप, जटायु को प्रभु का अंतिम स्नेह तथा श्रीराम-निषादराज मिलन जैसे प्रसंग शामिल हैं। लता चौक से राम की पैड़ी तक के प्वाइंट रामायण के सातों कांड- बालकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड आदि पर केंद्रित होंगे। विशेष रूप से इन संरचनाओं को धनुष के आकार में उकेरा जा रहा है, जो अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान और प्रभु श्रीराम के प्रतीक को जीवंत करता है। सेल्फी प्वाइंटों पर सुमेरु पर्वत लेकर उड़ते हनुमान, वर्षा से श्रीराम की रक्षा करते केले के पत्ते के नीचे खड़े हनुमान, श्रीराम-लक्ष्मण को कंधे पर लेकर उड़ते हनुमान, जटायु से वार्तालाप, अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट, रावण वध, केवट मिलन, रावण पर बाण चलाते श्रीराम, लंका दहन और माता सीता की अग्नि परीक्षा जैसे भावपूर्ण दृश्य दर्शाए गए हैं।

डिजिटल आकर्षण और पारंपरिक भक्ति का सुंदर संगम

योगी सरकार के निरंतर प्रयासों से अयोध्या में आधारभूत संरचना के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। दीपोत्सव में ये थीमेटिक इंस्टॉलेशन डिजिटल आकर्षण और पारंपरिक भक्ति का सुंदर संगम प्रस्तुत करेंगे। श्रद्धालु इन प्वाइंटों पर तस्वीरें लेकर दीपोत्सव की स्मृतियों को सदा सहेज सकेंगे।

इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में चमका सीतापुर का नाम

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते हुए यहाँ के दो प्रतिष्ठित फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. पीयूष बाजपेई और डॉ. शिवम शुक्ला को फिजियो हेरिटेज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। लखनऊ में आयोजित एक प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिजियोथेरेपी कॉन्फ्रेंस में उन्हें यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कॉन्फ्रेंस के



ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय शुक्ला और लंदन एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स एंड हेल्थ साइंसेज यूके के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सईद मोहम्मद वारिस के हाथों मिला। इस वैश्विक मंच पर देश-विदेश के कई दिग्गज डॉक्टर उपस्थित थे। तंबौर के मूल निवासी डॉ. पीयूष ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अधिवक्ता पिता लक्ष्मी नारायण बाजपेई को दिया है। इस बड़ी उपलब्धि पर दोनों युवा डॉक्टरों ने फाइसेम टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक निष्ठा से मरीजों की सेवा करने की प्रेरणा देगा। जिससे पूरे सीतापुर के चिकित्सा जगत और जनपदवासियों में हर्ष का माहौल है।

गोसाईगंज अस्पताल को 100 बेड का बनाने की उठी मांग

गोसाईगंज(अयोध्या)।अस्पताल को पूर्णकालिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दर्जा देने के साथ ही 100 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाए जाने की मांग फिर उठी है। अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दोबारा पत्र भेजकर इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले भी 25 अगस्त को इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया था। गोसाईगंज अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है, जबकि प्रतिदिन आसपास के करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र से लगभग 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।

धनतेरस से भाई दूज तक पांच पर्वों का रहेगा उल्लास

सीतापुर। ज्योतिषाचार्य ज्ञानेन्द्र अवस्थी ने बताया कि 6 नवंबर दिन शुक्रवार कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश एवं कुबेर देव की पूजा का विशेष मुहूर्त स्थिर वृषभ लग्न सायं 5.45 से 7.52 के बीच होगा। परंपरानुसार सोना, चांदी, बर्तन एवं अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी की जाती है। महाशिवरात्रि व्रत सहित नरक चतुर्दशी प्रदोष काल मुहूर्त वृषभ स्थिर लग्न शाम 5.41 से 7.38 तक होगा। हनुमत जयंती छोटी दीपावली 7 नवंबर शनिवार को होगी। सायं में मेष लग्न में श्री हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। दूसरे दिन सूर्योदय से पूर्व भी हनुमान जी का दर्शन पूजन कर लेना चाहिए। प्रदोष एवं रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि में 8 नवंबर रविवार को सनातन धर्म का विश्व प्रसिद्ध पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। दीपावली के पूजन के तीन मुहूर्त निर्धारित किए जा रहे हैं। दिन में एक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थिर कुंभ लग्न दोपहर में 1 बजे से 2.31 तक दूसरा सर्वोत्तम मुहूर्त प्रदोष काल में स्थिर वृषभ लग्न 5.37 से 7.34 तक मुहूर्त रहेगा। महानिशा में तांत्रिक पूजा मंत्र सिद्धि के लिए स्थिर सिंह लग्न 12.05 से 2.19 तक होगा। शेष रात्रि भोर में सूप बजाकर दरिद्र का निस्सारण एवं लक्ष्मी का पदार्पण कराया जाएगा। अन्नकूट एवं काशी से अनंत गोवर्धन पूजा 10 नवंबर मंगलवार को मनाई जाएगी 11 नवंबर दिन बुधवार उदया तिथि मिलने के कारण, भ्रातृ द्वितीया भैया दूज आज के दिन भाइयों को अपने बहनों के घर जाकर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं। भाई भी अपनी बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेते हैं तथा उन्हें उपहार भेंट करते हैं।



भाकियू टिकैत गुट के कैंप कार्यालय का उद्घाटन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुट ने संगठनात्मक विस्तार और किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए सनौली-बेलसड़ी क्षेत्र में कैंप कार्यालय खोला है। मंगलवार को जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में राम किशोर पटेल और उत्कर्ष तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि कैंप कार्यालय खुलने से किसानों को अपनी समस्याएं संगठन तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही किसान हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। कार्यक्रम में अनुज सिंह, विशाल वर्मा, रोहित द्विवेदी, बाली शुक्ला, सरदार वीरेंद्र सिंह, अवधेश वर्मा, हरिनाम रावत, शिवमगन रावत, नन्हे लाल विश्वकर्मा, सरदार जितेंद्र सिंह, लल्लू सिंह, घनश्याम रावत, दुर्गेश पांडेय और राजपाल सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

21वें वर्ष में प्रवेश करेगा बाबा लंगड़ दास स्मारक मेला

जाना बाजार (अयोध्या)। स्वतंत्रता संग्राम के प्रणेता और विद्रोही सैनिक बाबा लंगड़ दास की स्मृति में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक स्मारक मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। थाना हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार स्थित खजुरीपुर ककरहिया गांव में आयोजित होने वाला यह मेला इस वर्ष 21वें वर्ष में प्रवेश करेगा। मेले का शुभारंभ 23 नवंबर को धार्मिक अनुष्ठान के साथ होगा। मेला आयोजन समिति की बैठक मेला प्रांगण में जेपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन राकेश यादव ने किया। मेला संयोजक शेर बहादुर शेर ने प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।प्रतियोगिता और बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

जब केवट ने राम को रोका, भरत ने राज ठुकराया, पंडाल भाव में डूब गया

रामनगर, बाराबंकी। मंगलवार - मंगलकारी रामकथा! व्यासपीठ से अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने आज दो ऐसे चरित्र खड़े किए, जिन पर पूरा रामायण टिका है - एक भरत, एक केवट। महाराज जी ने कहा - राम और भरत ने संपत्ति का बंटवारा नहीं किया, विपत्ति का बंटवारा किया। यही एक लाइन ही पूरी कथा का सार बन गई। दुनिया संपत्ति के लिए भाई को मारती है, भरत ने विपत्ति मांगी महाराज जी ने समझाया - अयोध्या में राजगद्दी खाली थी, मां कैकेयी ने भरत को राजा बना दिया था। भरत चाहते तो राज कर सकते थे। पर भरत चित्रकूट दौड़े आए। बोले भैया, राज आपका है। प्रभु राम ने भरत को *रघुवंश का हंस* कहा - भरत तुम प्रेम रूपी अमृत के सागर हो।भरत खाली हाथ नहीं लौटे, चरण पादुका लेकर लौटे। सिंहासन पर पादुका रखी और बोले - राजा पादुका है, मैं तो सेवक हूं। अयोध्या लौटने से पहले ही भरत ने रामराज्य की स्थापना कर दी। और फिर आया केवट प्रसंग - जिस पर पंडाल रो पड़ा वनगमन के समय राम की भेंट पहले निषादराज गुह से हुई - सखा मिलन। फिर गंगा किनारे भेंट हुई केवट से। भगवान को सामने देख केवट ने हाथ जोड़ दिए। उसकी एक ही जिद -प्रभु, जब तक चरण न धुलवा दोगे, नाव में न बैठाऊंगा। सुना है आपके चरणों में जादू है, पत्थर नारी बन जाता है, मेरी तो लकड़ी की नाव है।भगवान मुस्कुराए, विवश हो गए। केवट ने कठौते में पानी लिया, आंसुओं से भरे हाथों से राम के चरण धोए। चरणामृत पिया, परिवार को पिलाया।महाराज जी बोले - उस एक क्षण में केवट ही नहीं, उसकी सात पीढ़ियां तर गईं। क्योंकि उसने समर्पण से चरण धोए थे।मां कभी कष्ट नहीं देतीमहाराज जी ने कहा - संसार की कोई मां अपने पुत्र को कष्ट नहीं देना चाहती। कैकेयी भी नहीं। वह तो नियति थी, जो राम को वन ले गई ताकि केवट, शबरी, निषाद जैसे भक्तों का उद्धार हो।आज के युवाओं को दो नाम दिए - कलाम और विवेकानंद कथा को आज से जोड़ते हुए महाराज जी ने कहा -हम सोचते हैं हमने जीवन में बहुत कुछ किया, पर जब राम के जीवन को देखते हैं तो लगता है हमारा योगदान बहुत कम है। हमें अपनी योग्यता बढ़ानी चाहिए।एपीजे अब्दुल कलाम ने गीता का सार समझा, योग्यता बढ़ाई और पूरा जीवन राष्ट्र को दे दिया।स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में वेदांत का डंका बजाया और भारत को विश्व गुरु बनाया।ज्ञानी वही है जो ज्ञान बांटे। कनिष्ठ भी गुणों से श्रेष्ठ बन सकता है। श्रेष्ठता उम्र से नहीं, गुणों से आती है।अंत में महाराज जी ने कहा - विषम परिस्थिति से भागो मत, सहो, सीखो - यही श्रेष्ठता की पहली सीढ़ी है। कथा में भावुक हो श्रद्धालु जय सियाराम का उद्घोष करते रहे। पंडाल में आज निषाद, केवट, भरत सब एक साथ दिखे - त्याग, भक्ति और समर्पण के रूप में।



एक नजर

दीपोत्सव के लिए फतेहपुर से पहुंचा 500 लीटर सरसों का तेल

अयोध्या। रामनगरी में दीपोत्सव की तैयारियों के बीच फतेहपुर के रामभक्तों ने भी अपनी सहभागिता निभाई है। फतेहपुर सदर के पूर्व विधायक विक्रम सिंह की पहल पर करीब 500 लीटर सरसों का तेल अयोध्या पहुंचाया गया। पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम पहुंचकर तेल की खेप अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को सौंपी तेल प्राप्त करने के बाद अपर नगर आयुक्त ने इसकी रसीद भी दर्ज कराई। फतेहपुर से तेल लेकर अयोध्या पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में संजय गुप्ता, सुशील तिवारी, रामनरेश गुप्ता, श्याम सिंह परिहार और देवेंद्र यादव शामिल रहे।पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर फतेहपुर के रामभक्तों की ओर से किए गए इस योगदान की जानकारी दी है। उन्होंने पत्र के माध्यम से दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने का अनुरोध भी किया है। दीपोत्सव के लिए दूसरे जनपद से पहुंचे इस योगदान को रामभक्तों की आस्था और सहभागिता के रूप में देखा जा रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में कोटेदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र के मानिकपुर मजरे बालचंद पुरवा निवासी 52 वर्षीय सरकारी राशन कोटेदार रामशरण ने सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रमुवापुर चौराहे स्थित किराए के मकान में हुई। जहां उनका शव टीन शेड के लोहे के पाइप से रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामशरण पिछले करीब 6-7 वर्षों से अपनी नई पत्नी सुनीता देवी के साथ रमुवापुर चौराहे पर स्थित बीएलएसडी इंटर कॉलेज के सामने किराए के मकान में रह रहे थे। सोमवार शाम करीब चार बजे जब घर के लोग अन्य कार्यों में व्यस्त थे, तभी रामशरण ने मकान के कमरे का दरवाजा बंद करके टीन शेड के पाइप में रस्सी का फंदा डालकर जान दे दी। कुछ देर बाद परिजनों की नजर लटकते शव पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्हें फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, मृतक रामशरण की तीन पत्नियां हैं। पहली पत्नी राधा, दूसरी राजेश्वरी देवी और तीसरी सुनीता देवी। उनके परिवार में चार बेटियां और छह बेटे हैं। इनमें से तीन बेटियों और एक बेटे का विवाह हो चुका है, जबकि बाकी बच्चे अभी अविवाहित हैं। दो भाइयों में बड़े रामशरण के कंधों पर पूरे परिवार और बच्चों के भरण-पोषण की बड़ी जिम्मेदारी थी।रोते-बिलखते परिजनों ने बताया कि रामशरण के ऊपर काफी समय से भारी कर्ज था। लेनदारों के तकादे और आर्थिक तंगी के चलते वह गहरे मानसिक तनाव व अवसाद से गुजर रहे थे। परिजनों की मानें तो इसी कर्ज के भारी दबाव के चलते उन्होंने यह खौफनाक कदम उठा लिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। परिजनों की ओर से जो भी तहरीर मिलेगी, उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

तालाब में मिले युवक के शव के मामले में नया मोड़

पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र में 30 अक्टूबर को तालाब में मिले 20 वर्षीय युवक के शव के मामले में मंगलवार सुबह नया मोड़ आ गया। मृतक के परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर हत्या कर शव तालाब में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर पोस्टमार्टम के बाद सोमवार शाम युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिवार में कोहराम छा गया था। परिजनों के मुताबिक 24 अक्टूबर को गांव के चौराहे पर स्थित शराब ठेके पर मामूली कहासुनी के बाद विवाद हुआ था। आरोप है कि ठेके के सेल्समैन अंकित, पम्मू और लवकुश ने पिंटू के साथ मारपीट की थी और उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों का दावा है कि पिंटू ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने इसी पुरानी रंजिश के चलते तीनों पर पिंटू की हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है।वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण डूबना बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। सीओ महमूदाबाद कपूर कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने का मामला अभी संदिग्ध है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल युवक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हैं। पुलिस की जांच और पूछताछ के बाद ही घटना की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।

नगर विकास राज्यमंत्री ने फीता काटकर तीन दिवसीय सरस मेले का किया शुभारम्भ

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जनपद सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सरस मेले का शुभारंभ आज राजकीय इण्टर कालेज मैदान, सीतापुर में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए खरीदारी भी की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी सहित उपायुक्त स्वत: रोजगार डॉ0 सुशांत सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा भी मेले में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर समूहों की महिलाओं से उनके उत्पादों, निर्माण प्रक्रिया, विपणन एवं बिक्री से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई तथा उत्पादों की खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। तीन दिवसीय सरस मेले में जनपद के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों के स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों पर समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के घरेलू उपयोग के सामान, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, पारंपरिक उत्पाद एवं अन्य आकर्षक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है। मेले के माध्यम से समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं सीधे ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री जी ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

30 नवंबर तक बनवा लें डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

अयोध्या। पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनरों की सुविधा के लिए जिले में एक से 30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने सभी पेंशनरों से निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवाने की अपील की है।उन्होंने बताया कि कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। 14 अक्टूबर को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई ।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया नशामुक्ति का संदेश अयोध्या की टीम फरवाही लोकनृत्य में प्रथम

अयोध्या। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर प्रेक्षागृह में नशा मुक्त भारत की थीम पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अयोध्या मंडल के विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, समूह गायन, नुक्कड़ नाटक, कहानी लेखन, पेंटिंग और कविता लेखन जैसी विधाओं के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे की लत से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया।प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य की फरवाही विधा में अयोध्या जनपद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में सुल्तानपुर की टीम प्रथम रही। नुक्कड़ नाटक में कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज, अयोध्या की टीम ने बाजी मारी।